# ICT Previous year questions

**1. एफ.एम (F.M.) प्रसारण सेवा में प्रयुक्त होने वाले आवृत्ति बैंड का परास होता है?**
**RAS pre-2013**
(a) 54 से 75 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(b) 76 से 87 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(c) 88 से 108 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(d) 109 से 139 मेगाहर्ट्ज के मध्य **[c]**

**2. 'निकट क्षेत्र संचार (नियर फील्ड कम्युनिकेशन) (NFC) प्रौद्योगिकी' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? IAS PRE-2015**
**1. यह एक संपर्करहित संचार प्रौद्योगिकी है, जो विद्युत-चुंबकीय रेडियो क्षेत्रों का उपयोग करती है।**
**2. NFC उन युक्तियों (डिवाइसेज) द्वारा उपयोग के लिए अभिकल्पित किया गया है, जो एक-दूसरे से एक मीटर की दूरी पर भी स्थित हो सकते हैं।**
**3. संवेदनशील सूचना भेजते समय NFC कोडीकरण (एंक्रिप्शन) का उपयोग कर सकता है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3 **[c]**

**3. ब्लूटूथ तकनीक प्रयुक्त होती है-**
**RAS Pre-2012**
(a) लैंडलाईन फोन से मोबाइल फोन संचार हेतु।
(b) यंत्रों के मध्य वायरलेस संचार हेतु।
(c) केवल मोबाइल फोन पर सिंग्नल प्रसारण हेतु।
(d) सैटेलाइट टेलीविजन संचार हेतु। **[b]**

**4. संचार प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में, LTE (लॉन्ग-टर्म इवॉल्यूशन) और VoLTE (वॉइस ओवर लॉन्ग-टर्म इवॉल्यूशन) के बीच क्या अंतर है/हैं? IAS PRE-2019**
**1. LTE को साधारणतः 3G के रूप में विपणित किया जाता है तथा VoLTE को साधारणतः उन्नत 3G के रूप में विपणित किया जाता है।**
**2. LTE डेटा-ओन्लि तकनीक है और VoLTE वॉइस-ओन्लि तकनीक है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2 **[d]**

**5. तंतु प्रकाशिकी संचार में संकेत किस रूप में प्रवाहित होता है? RAS Pre-2012**
(a) प्रकाश तरंग
(b) रेडियो तरंग
(c) सूक्ष्म तरंग
(d) विद्युत तरंग **[a]**

**6. वह युक्ति जिसके द्वारा आँकड़ों को टेलीफोन के माध्यम से बाइनरी सिग्नलों की सहायता से भेजा जाता है, कहलाता है UPPCS-2007**
(a) मोडेम
(b) मॉनीटर
(c) माउस
(d) ओ. सी. आर. **[a]**

**7. ईथरनेट (Ethernet) एक उदाहरण है- MPPCS-2017**
(a) मेन (MAN) का
(b) लेन (LAN) का
(c) वेन (WAN) का
(d) वाई फाई (Wi-fi) का **[b]**

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? RAS PRE-2013**
(a) मोडेम एक सॉफ्टवेयर होता है।
(b) मोडेम एक वोल्टेज का स्थायीकरण करता है।
(c) मोडेम प्रचालन तंत्र होता है।
(d) मोडेम एनालॉग सिग्नल को डिजिटल सिग्नल में तथा डिजिटल सिग्नल को एनालॉग सिग्नल में बदलता है। **[d]**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**9. WiMAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? IAS PRE-2009**

(a) जैव प्रौद्योगिकी
(b) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
(c) मिसाइल प्रौद्योगिकी
(d) संचार प्रौद्योगिकी **[d]**

**10. 'ब्लूटूथ' तकनीक अनुमति देती है – UPPCS-2011**

(a) केवल मोबाइल फोन पर संकेत संचारण
(b) लैंडलाइन' फोन से 'मोबाइल फोन के लिए संप्रेषण
(c) उपग्रह से टेलीविजन सम्प्रेषण
(d) उपकरणों के बीच वायरलेस संचारण चार **[d]**

**11. आभासी निजी परिपथ (Virtual Private Network) क्या है? IAS PRE - 2011**

(a) यह किसी संस्था का निजी कंप्यूटर परिपथ है, जिसमें सुदूर बैठे प्रयोक्ता संस्था के परिवेषक (सर्वर) के माध्यम से सूचना प्रेषित कर सकते हैं ।
(b) यह निजी इंटरनेट पर बना कंप्यूटर परिपथ है, जो प्रयोक्ताओं को अपनी संस्था के परिपथ में प्रवेश करने की सुविधा देता है और प्रेषित की जा रही सूचना को सुरक्षित रखता है।
(c) यह एक ऐसा कंप्यूटर परिपथ है, जिसके द्वारा प्रयोक्ता सेवा प्रबंधक (सर्विस प्रोवाइडर) के माध्यम से कंप्यूटिंग संसाधनों के साझे भंडार में प्रवेश पा सकते हैं।
(d) उपर्युक्त सभी **[b]**

**12. हाल ही में समाचारों में आने वाले 'LiFi' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? IAS PRE-2016**

**1. यह उच्च गति डेटा संचरण के लिए प्रकाश को माध्यम के रूप में प्रयुक्त करता है।**

**2. यह एक बेतार प्रौद्योगिकी है और 'WiFi से कई गुना तीव्रतर है।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चनिए।**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2 **[c]**

**13. ब्लूटूथ (Bluetooth) तथा वाई-फाई (Wi-Fi) के बीच क्या अंतर है? IAS PRE 2011**

(a) ब्लूटूथ 2.4 GHz रेडियो-आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई 2.4GHz अथवा 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है।
(b) ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई केवल बेतार विस्तृत क्षेत्रीय जाल (WWAN) प्रयुक्त करता है।
(c) जब ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी प्रयोग कर रहे दो उपकरणों के बीच सूचना प्रेषित की जाती है, तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक है, किंतु जब वाई-फाई प्रौद्योगिकी प्रयोग में लाई जाती है, तब दोनों उपकरणों को दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक नहीं है।
(d) A तथा B दोनों कथन सही हैं। **[a]**

**14. टेलीविजन ट्रांसमिशन निम्न में से किसका उदाहरण है? Uttarakhad pcs pre-2016**

(a) सिम्प्लेक्स कम्युनिकेशन
(b) हॉफ डुप्लेक्स कम्युनिकेशन
(c) फुल डुप्लेक्स कम्युनिकेशन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[a]**

**15. प्रोटोकॉलों का वह समूह जो सभी ट्रांसमिशन एक्सचेंजेज को इंटरनेट में एक ओर से दूसरी ओर भेजने को परिभाषित करता है, कहलाता है- Uttarakhad pcs pre-2016**

(a) CSMA/CD
(b) TCP/IP
(c) FDDI
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[b]**

**16. सिग्नल की शक्ति (स्ट्रेंथ) कम हुए बिना नेटवर्क की लंबाई बढ़ाने के लिए हम उपयोग करेंगे MPPCS-2008**

(a) रिपीटर
(b) राउटर
(c) गेटवे
(d) स्विच **[a]**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

17. **पहचान प्लेटफॉर्म 'आधार' खुला (ओपेन) "एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस" (ए.पी.आई.) उपलब्ध कराता है। इसका क्या अभिप्राय है? IAS PRE-2018**
**1. इसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ एकीकृत किया जा सकता है।**
**2. परितारिका (आईरिस) का प्रयोग कर ऑनलाइन प्रमाणीकरण संभव है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2 **[c]**

18. **दूरदर्शन प्रसारण में चित्र संदेशों का संचरण होता है- RAS Pre-2012**
(a) आयाम माड्यूलेशन द्वारा
(b) आवृत्ति माड्यूलेशन द्वारा
(c) कला माड्यूलेशन द्वारा
(d) कोण माड्यूलेशन द्वारा **[a]**

19. **डिजिटल भुगतान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए – IAS PRE-2018**
**1. भीम (BHIM) एप उपयोग करने वाले के लिए यह एप यू.पी.आई. (UPI) सक्षम बैंक खाते से किसी को धन का हस्तांतरण करना संभव बनाता है।**
**2. जहां एक चिफ-पिन डेबिट कार्ड में प्रमाणीकरण के चार घटक होते हैं, भीम एप में प्रमाणीकरण के सिर्फ दो घटक होते हैं।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2 **[a]**

20. **मनोरंजन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए IAS PRE-2019**
**1. संवर्धित वास्तविकता [ऑगमेंटेड रियलिटी (AR)] में एक छद्म वातावरण सृजित हो जाता है और भौतिक संसार पूरी तरह बहिष्कृत हो जाता है।**
**2. आभासी वास्तविकता [वर्चुअल रियलिटी (VR)] में कंप्यूटर द्वारा सृजित प्रतिमाएं वास्तविक जीवन की वस्तुओं या परिवेशों पर प्रक्षेपित हो जाती हैं।**
**3. AR व्यक्तियों को संसार में विद्यमान रहने देता है और स्मार्ट फोन या PC के कैमरे का उपयोग कर अनुभव को उन्नत करता है।**
**4. VR संसार को पृथक कर देता है और व्यक्ति को एक अलग धरातल पर ले जाकर उसे पूर्ण निमग्नता का अनुभव प्रदान करता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1,2 और 3
(d) केवल 4 **[b]**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213